# VEDUU WELLNESS PRIVATE LIMITED

## DISTRIBUTOR TERMS & CONDITIONS

**Company Name:** Veduu Wellness Private Limited
**CIN:** U24100MH2022PTC396326
**PAN:** AAJCV1712C
**TAN:** NGPV07607F
**Registered Address:** 52, 48/2, 53/01, First Floor, In Front of Abdul Rauf Shah Market, Masjid Ward, Pandharkawada, Yavatmal, Maharashtra – 445302, India
**Customer Care:** +91 9270036706

### 1. Acceptance of Terms

By registering as a Distributor, Direct Seller, Associate, or any other designation assigned by Veduu Wellness Private Limited ("Company"), the applicant acknowledges that he/she has read, understood, and agreed to be legally bound by these Terms & Conditions, the Compensation Plan, Company Policies, Code of Ethics, Privacy Policy, Product Policies, and all future amendments issued by the Company.

Registration shall constitute a legally binding electronic agreement under the provisions of the Information Technology Act, 2000.

### 2. Eligibility

The applicant must:

- Be at least 18 years of age.
- Be legally competent to contract under the Indian Contract Act, 1872.
- Provide accurate and complete information.
- Possess valid KYC documents as required by law.
- Maintain a valid bank account in his/her own name.

The Company reserves the right to reject any application without assigning any reason.

### 3. Independent Contractor Status

A Distributor is an independent contractor and shall not be considered:

- An employee of the Company.
- A partner of the Company.
- An agent authorised to bind the Company.
- A franchisee of the Company.

The Distributor shall not represent himself/herself as an employee, director, authorised spokesperson, legal representative, or owner of the Company.

## 4. Compliance with Laws

Every Distributor shall comply with:

- Consumer Protection Act, 2019.
- Consumer Protection (Direct Selling) Rules, 2021.
- Information Technology Act, 2000.
- Indian Contract Act, 1872.
- Income Tax Act, 1961.
- Goods and Services Tax laws.
- Bharatiya Nyaya Sanhita, 2023 (where applicable).
- Applicable state and central laws.

Any violation may result in immediate suspension or termination.

## 5. No Guaranteed Income

The Company does not guarantee:

- Any fixed income.
- Any minimum commission.
- Any rank achievement.
- Any financial success.

Income depends solely upon product sales, team development, customer acquisition, business activity, and compliance with Company policies.

## 6. Mandatory Leadership Responsibilities

Every Distributor agrees that commissions are paid not merely for recruitment but for continuous business development and support activities.

Every Distributor must:

- Guide newly enrolled members.
- Train team members regarding products and business.
- Conduct follow-up activities.
- Provide business support.
- Assist team members in placing orders.
- Attend Company meetings, webinars, and training sessions when required.
- Maintain ethical leadership standards.

A Distributor who recruits members and deliberately abandons, neglects, misguides, exploits, or refuses to support his/her organisation may be deemed to have committed a material breach of Company policy.

## 7. Abandonment of Team

The following acts shall constitute abandonment of team responsibilities:

- Recruiting members solely for earning commissions.
- Failing to provide reasonable support to downline members.
- Repeated non-responsiveness to team concerns.
- Encouraging team members to remain inactive.
- Deliberately avoiding training obligations.
- Creating dependency without providing support.
- Ignoring Company notices regarding team complaints.

Where multiple complaints are received from team members, the Company may investigate and take disciplinary action.

## 8. Authority of the Company

The Company shall have absolute authority to:

- Monitor Distributor conduct.
- Review business activities.
- Verify compliance.
- Investigate complaints.
- Audit network performance.
- Suspend commissions.
- Suspend IDs.
- Freeze accounts.
- Withhold incentives pending investigation.
- Terminate membership.

The Company's decision shall be final and binding subject to applicable law.

## 9. Grounds for Immediate Suspension or Termination

The Company may suspend or terminate any Distributor ID without prior notice if the Distributor:

1. Violates Company policies.
2. Misrepresents products.
3. Makes false income claims.
4. Engages in unethical conduct.
5. Harasses customers or team members.
6. Uses abusive language.
7. Damages Company reputation.
8. Creates internal disputes.
9. Promotes other companies to Company associate members.
10. Manipulates genealogy structures.
11. Creates fake IDs.
12. Uses another person's documents.
13. Submits false KYC.

14. Engages in fraud.
15. Commits forgery.
16. Circulates misleading information.
17. Encourages boycotts against the Company.
18. Conducts unauthorised meetings using Company branding.
19. Collects money unauthorisedly from members.
20. Violates applicable laws.
21. Abandons team responsibilities.
22. Fails to cooperate during investigations.
23. Attempts to poach Company distributors.
24. Makes defamatory statements against the Company, its directors, employees, products, systems, or leadership.
25. Uses social media in a manner detrimental to Company interests.
26. Causes financial or reputational loss to the Company.
27. Incites revolt, disruption, or non-compliance within the organisation.
28. Engages in any conduct which, in the Company's opinion, is detrimental to business interests.

## 10. Company's Right to Terminate Without Cause

Subject to applicable law, the Company reserves the right to suspend, deactivate, terminate, cancel, or refuse renewal of any Distributor ID at its sole discretion where continuation of the relationship is considered commercially, operationally, legally, or reputationally undesirable.

## 11. Forfeiture of Benefits

Upon suspension or termination:

- Pending commissions may be withheld.
- Incentives may be cancelled.
- Ranks may be withdrawn.
- Awards may be revoked.
- Access to software and portals may be blocked.
- Distributor rights shall cease immediately.

## 12. Complaints by Downline Members

If the Company receives complaints alleging:

- Lack of support.
- Misguidance.
- Misrepresentation.
- Negligence.
- Exploitation.

The Company may:

- Conduct inquiries.
- Record statements.

Issue warnings.

- Suspend commissions.
- Reassign teams.
- Terminate IDs.

## 13. Social Media and Public Conduct

No Distributor shall:

- Make unauthorised statements on behalf of the Company.
- Publish misleading claims.
- Post defamatory content.
- Spread rumours.
- Damage the Company's goodwill.

Violation may result in immediate termination and legal action.

## 14. Non-Solicitation

During membership and for a reasonable period following termination, the Distributor shall not intentionally solicit Company distributors for competing direct-selling opportunities.

## 15. Fraud and Misconduct

Any fraudulent activity may result in:

- Immediate termination.
- Recovery proceedings.
- Civil action.
- Criminal complaints before competent authorities.

## 16. Indemnity

The Distributor agrees to indemnify and hold harmless the Company, its directors, officers, employees, and representatives from any losses, damages, claims, costs, liabilities, or legal expenses arising from the Distributor's acts, omissions, misrepresentations, or violations of law.

If a Distributor is found guilty of violating the Company's rules, policies, terms, or conditions, the Company shall have the right to recover, in whole or in part, any commission, bonus, incentive, or other financial benefits received by the Distributor. Any amount subject to such recovery shall also carry interest as applicable under the prevailing laws, and such interest shall be payable by the Distributor to the Company.

## 17. Amendments

The Company may amend:

- Compensation plans.
- Policies.
- Procedures.
- Qualification criteria.
- Commission structures.
- Business requirements.

Continued participation shall constitute acceptance of such amendments.

## 18. Dispute Resolution

Any dispute shall first be referred to the Company's grievance mechanism.

If unresolved, disputes shall be subject to the exclusive jurisdiction of courts having jurisdiction over Yavatmal, Maharashtra, India.

## 19. Electronic Consent

By clicking the checkbox labelled:

"I have read, understood, and agree to the Terms & Conditions, Policies, Compensation Plan, and Code of Conduct of Veduu Wellness Private Limited."

the applicant provides electronic consent and agrees to be legally bound by these Terms & Conditions.

## 20. Final Declaration

I acknowledge that:

- My Distributor ID is a revocable privilege and not a permanent right.
- The Company may review my conduct at any time.
- I must actively support and guide my team.
- Recruitment alone does not entitle me to continued participation.
- Failure to maintain ethical and leadership responsibilities may result in suspension or termination.
- I shall comply with all Company policies and applicable laws.
- I understand that violation of these Terms may lead to loss of commissions, suspension, termination, legal action, or any other remedy available to the Company under applicable law.

# वेदू वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड

## डिस्ट्रीब्यूटर नियम एवं शर्तें (Terms & Conditions)

**कंपनी का नाम:** Veduu Wellness Private Limited
**CIN:** U24100MH2022PTC396326
**PAN:** AAJCV1712C
**TAN:** NGPV07607F
**पंजीकृत कार्यालय:** 52, 48/2, 53/01, प्रथम तल, अब्दुल रऊफ शाह मार्केट के सामने, मस्जिद वार्ड, पांढरकवडा, यवतमाल, महाराष्ट्र – 445302, भारत।
**कस्टमर केयर:** +91 9270036706

## 1. नियमों एवं शर्तों की स्वीकृति

वेदू वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड में डिस्ट्रीब्यूटर, बिजनेस एसोसिएट, अथवा किसी भी अन्य नाम से पंजीकरण करते समय आवेदक यह घोषित करता है कि उसने कंपनी के नियम एवं शर्तें, कम्पेन्सेशन प्लान, आचार संहिता (Code of Conduct), गोपनीयता नीति (Privacy Policy), उत्पाद नीति तथा कंपनी द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले सभी नियमों को पढ़ लिया है, समझ लिया है और उनसे पूर्णतः सहमत है।

पंजीकरण के दौरान "मैं नियम एवं शर्तों से सहमत हूँ" (I Agree) विकल्प पर क्लिक करना सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 (Information Technology Act, 2000) के अंतर्गत वैध इलेक्ट्रॉनिक सहमति माना जाएगा।

## 2. पात्रता

डिस्ट्रीब्यूटर बनने हेतु व्यक्ति:

- भारतीय कानून के अनुसार अनुबंध करने के लिए सक्षम होना चाहिए।
- न्यूनतम 18 वर्ष आयु का होना चाहिए।
- सही एवं सत्य जानकारी प्रदान करेगा।
- वैध पहचान एवं केवाईसी दस्तावेज प्रस्तुत करेगा।
- स्वयं के नाम से बैंक खाता रखेगा।

कंपनी किसी भी आवेदन को बिना कारण बताए स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

## 3. स्वतंत्र व्यवसायी (Independent Distributor)

डिस्ट्रीब्यूटर:

- कंपनी का कर्मचारी नहीं है।
- कंपनी का भागीदार नहीं है।
- कंपनी का कानूनी प्रतिनिधि नहीं है।
- कंपनी की ओर से कोई अनुबंध करने हेतु अधिकृत नहीं है।

डिस्ट्रीब्यूटर स्वयं को कंपनी का मालिक, निदेशक, अधिकारी अथवा अधिकृत प्रवक्ता नहीं बताएगा।

# 4. लागू कानूनों का पालन

प्रत्येक डिस्ट्रीब्यूटर निम्नलिखित कानूनों का पालन करने हेतु बाध्य होगा:

- उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 (Consumer Protection Act, 2019)
- उपभोक्ता संरक्षण (प्रत्यक्ष विक्रय) नियम, 2021 (Consumer Protection Direct Selling Rules, 2021)
- सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000
- भारतीय अनुबंध अधिनियम, 1872
- आयकर अधिनियम, 1961
- जीएसटी अधिनियम एवं नियम
- भारतीय न्याय संहिता, 2023 (Bharatiya Nyaya Sanhita)
- अन्य लागू केंद्रीय एवं राज्य कानून

उल्लंघन की स्थिति में कंपनी तत्काल कार्रवाई कर सकती है।

# 5. आय की कोई गारंटी नहीं

कंपनी किसी भी प्रकार की:

- निश्चित आय
- न्यूनतम आय
- रैंक
- बोनस
- कमीशन
- आर्थिक सफलता

की गारंटी नहीं देती।

आय केवल व्यक्तिगत प्रयास, उत्पाद बिक्री, टीम विकास, ग्राहक सेवा एवं व्यवसायिक गतिविधियों पर निर्भर करेगी।

## 6. टीम का मार्गदर्शन एवं नेतृत्व अनिवार्य

डिस्ट्रीब्यूटर यह स्वीकार करता है कि कंपनी केवल लोगों को जोड़ने (Recruitment) के लिए नहीं बल्कि उन्हें प्रशिक्षित करने, मार्गदर्शन देने एवं व्यवसाय विकसित करने के लिए कमीशन प्रदान करती है।

प्रत्येक डिस्ट्रीब्यूटर को:

- अपनी टीम को प्रशिक्षण देना होगा।
- नए सदस्यों को उत्पादों की जानकारी देना होगी।
- व्यवसायिक मार्गदर्शन देना होगा।
- टीम की समस्याओं का समाधान करना होगा।
- कंपनी की मीटिंग, वेबिनार एवं ट्रेनिंग में सहयोग करना होगा।
- अपनी डाउनलाइन को सक्रिय रखने का प्रयास करना होगा।
- नैतिक नेतृत्व का पालन करना होगा।

## 7. केवल भर्ती करके टीम को छोड़ देना गंभीर उल्लंघन माना जाएगा

निम्नलिखित गतिविधियाँ गंभीर अनुशासनहीनता मानी जाएंगी:

- केवल लोगों को जोड़कर कमीशन कमाना।
- टीम को कोई प्रशिक्षण न देना।
- टीम के कॉल, मैसेज या सहायता अनुरोधों की अनदेखी करना।
- जानबूझकर टीम को असहाय छोड़ देना।
- टीम को गलत जानकारी देना।
- टीम के विकास में रुचि न लेना।
- शिकायतों के बावजूद सहयोग न करना।

ऐसी स्थिति में कंपनी संबंधित डिस्ट्रीब्यूटर के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई कर सकती है।

## 8. कंपनी के विशेष अधिकार

कंपनी को निम्न अधिकार प्राप्त होंगे:

- किसी भी समय जांच करना।
- टीम गतिविधियों की समीक्षा करना।
- शिकायतों की जांच करना।
- नेटवर्क ऑडिट करना।
- कमीशन रोकना।
- आईडी निलंबित करना।
- आईडी फ्रीज करना।

- भुगतान रोकना।
- बोनस रोकना।
- सदस्यता समाप्त करना।

कंपनी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

# 9. तत्काल आईडी निलंबन अथवा समाप्ति के आधार

निम्न परिस्थितियों में कंपनी बिना पूर्व सूचना के आईडी समाप्त या निलंबित कर सकती है:

1. कंपनी नियमों का उल्लंघन।
2. गलत आय (Income) का दावा करना।
3. उत्पादों के बारे में झूठी जानकारी देना।
4. टीम को भ्रमित करना।
5. कंपनी की छवि को नुकसान पहुँचाना।
6. सोशल मीडिया पर कंपनी विरोधी अभियान चलाना।
7. कंपनी या निदेशकों के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी करना।
8. फर्जी आईडी बनाना।
9. गलत दस्तावेज जमा करना।
10. फर्जी केवाईसी देना।
11. बोनस या कमीशन में हेराफेरी करना।
12. नेटवर्क संरचना (Genealogy) में छेड़छाड़ करना।
13. कंपनी के सदस्यों को अन्य MLM या Direct Selling कंपनियों में ले जाना।
14. टीम सदस्यों को कंपनी छोड़ने के लिए उकसाना।
15. कंपनी के नाम पर अवैध धन संग्रह करना।
16. कंपनी के नाम पर अनधिकृत मीटिंग या कार्यक्रम करना।
17. कंपनी के व्यापारिक रहस्यों को साझा करना।
18. धोखाधड़ी, जालसाजी अथवा आपराधिक गतिविधियों में शामिल होना।
19. टीम का परित्याग (Team Abandonment) करना।
20. जांच में सहयोग न करना।
21. कंपनी को आर्थिक, कानूनी या प्रतिष्ठात्मक नुकसान पहुँचाना।
22. कंपनी के हितों के विरुद्ध कार्य करना।

# 10. कंपनी का पूर्ण विवेकाधिकार

कंपनी अपने पूर्ण विवेकाधिकार से किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर की आईडी को:

- निलंबित (Suspend)
- निष्क्रिय (Deactivate)
- समाप्त (Terminate)
- रद्द (Cancel)

कर सकती है यदि कंपनी को यह प्रतीत होता है कि उक्त डिस्ट्रीब्यूटर का व्यवहार, गतिविधियाँ या कार्य कंपनी के हितों के विपरीत हैं।

# 11. कमीशन, बोनस एवं रैंक की जब्ती

आईडी समाप्त होने पर कंपनी को अधिकार होगा कि:

- लंबित कमीशन रोके जाएं।
- बोनस रद्द किए जाएं।
- रैंक समाप्त की जाए।
- पुरस्कार वापस लिए जाएं।
- पोर्टल एक्सेस बंद किया जाए।
- सदस्यता अधिकार समाप्त किए जाएं।

# 12. शिकायत जांच प्रक्रिया

यदि डाउनलाइन सदस्य शिकायत करते हैं कि:

- उचित मार्गदर्शन नहीं दिया गया।
- सहायता नहीं दी गई।
- गलत जानकारी दी गई।
- शोषण किया गया।

तो कंपनी जांच कर सकती है तथा आवश्यक कार्रवाई कर सकती है।

# 13. सोशल मीडिया नीति

कोई भी डिस्ट्रीब्यूटर:

- कंपनी के विरुद्ध अफवाह नहीं फैलाएगा।
- झूठे आरोप नहीं लगाएगा।
- भ्रामक प्रचार नहीं करेगा।
- कंपनी की प्रतिष्ठा को नुकसान नहीं पहुँचाएगा।

उल्लंघन पर तत्काल आईडी समाप्त की जा सकती है।

# 14. अन्य कंपनी में नेटवर्क ले जाना प्रतिबंधित

किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर को कंपनी के सदस्यों को अन्य कंपनी में शामिल करने का अधिकार नहीं होगा।

ऐसा पाए जाने पर कंपनी तत्काल सदस्यता समाप्त कर सकती है।

## 15. धोखाधड़ी एवं कानूनी कार्रवाई

धोखाधड़ी, जालसाजी, फर्जीवाड़ा, वित्तीय अनियमितता अथवा कंपनी को नुकसान पहुँचाने की स्थिति में कंपनी:

- सिविल मुकदमा
- आपराधिक शिकायत
- हर्जाना दावा
- वसूली कार्रवाई

करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

## 16. क्षतिपूर्ति (Indemnity)

डिस्ट्रीब्यूटर के कार्यों, गलत बयानों, लापरवाही अथवा कानून उल्लंघन के कारण यदि कंपनी को कोई आर्थिक, कानूनी या प्रतिष्ठात्मक नुकसान होता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित डिस्ट्रीब्यूटर की होगी।

यदि कोई वितरक कंपनी के नियमों, नीतियों अथवा शर्तों के उल्लंघन का दोषी पाया जाता है, तो कंपनी को यह अधिकार होगा कि वह वितरक से प्राप्त कमीशन, बोनस, प्रोत्साहन राशि एवं अन्य आर्थिक लाभ की आंशिक या पूर्ण वसूली करे। ऐसी वसूली की जाने वाली राशि पर लागू कानूनों के अनुसार ब्याज भी देय होगा, जिसका भुगतान वितरक द्वारा कंपनी को किया जाएगा।

## 17. नियमों में संशोधन

कंपनी किसी भी समय:

- कम्पेन्सेशन प्लान
- बोनस योजना
- रैंक सिस्टम
- कंपनी नीति
- आचार संहिता

में संशोधन कर सकती है।

संशोधित नियम तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

## 18. न्याय क्षेत्र (Jurisdiction)

इन नियमों से संबंधित किसी भी विवाद पर केवल यवतमाल, महाराष्ट्र स्थित सक्षम न्यायालयों का क्षेत्राधिकार होगा।

## 19. इलेक्ट्रॉनिक सहमति

"मैं वेदू वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड के नियम एवं शर्तों, कम्पेन्सेशन प्लान, कंपनी नीति एवं आचार संहिता को पढ़कर उनसे पूर्णतः सहमत हूँ।"

इस विकल्प पर क्लिक करना विधिक रूप से बाध्यकारी सहमति माना जाएगा।

## 20. अंतिम घोषणा

मैं घोषित करता/करती हूँ कि:

- मेरी आईडी कंपनी द्वारा प्रदत्त एक विशेष व्यावसायिक सुविधा है, कोई स्थायी अधिकार नहीं।
- कंपनी किसी भी समय मेरे कार्यों की समीक्षा कर सकती है।
- मुझे अपनी टीम को प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन देना अनिवार्य होगा।
- केवल लोगों को जोड़ना कमीशन प्राप्त करने का आधार नहीं है।
- टीम की उपेक्षा, अनुशासनहीनता, नियम उल्लंघन अथवा कंपनी विरोधी गतिविधियों की स्थिति में मेरी आईडी समाप्त की जा सकती है।
- मैं कंपनी के सभी वर्तमान एवं भविष्य के नियमों का पालन करूंगा/करूंगी।
- नियमों के उल्लंघन पर कमीशन रोकने, आईडी निलंबित करने, आईडी समाप्त करने तथा कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार कंपनी को होगा।